भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-182

उत्तर देने की तारीख-20/07/2026

समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत अनुसूचित जाति के लाभार्थी

†182. **श्री डग्गुमल्ला प्रसादा राव:**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्ष 2019 से अब तक आंध्र प्रदेश में समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत सहायता प्राप्त सरकारी स्कूलों में छात्रों के कुल नामांकन का वर्ष-वार और जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) आंध्र प्रदेश में नामांकित अनुसूचित जाति के छात्रों की वर्ष-वार और जिला-वार संख्या कितनी है;

(ग) वर्ष 2019 से अब तक उक्त राज्य में अनुसूचित जाति केंद्रित उपायों के लिए वर्ष-वार कितनी निधि निर्धारित, जारी और उपयोग की गई है; और

(घ) क्या सरकार ने अनुसूचित जाति के छात्रों के लिए सामाजिक समावेश और शैक्षिक परिणामों को बढ़ावा देने में समग्र शिक्षा की प्रभावशीलता का आकलन करने हेतु सार्वजनिक डैशबोर्ड जैसे निगरानी तंत्र लागू किए हैं और यदि हां, तो इसके प्रमुख मानदंड और निष्कर्ष क्या हैं और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री जयन्त चौधरी(

(क) और (ख): शैक्षणिक वर्ष 2019-20 से आंध्र प्रदेश राज्य के सरकारी स्कूलों में अनुसूचित जाति (एससी) के विद्यार्थियों सहित विद्यार्थियों का वर्ष-वार और जिला-वार नामांकन **अनुलग्नक-I** में दिया गया है।

(ग): राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को उनकी वार्षिक कार्य योजना और बजट (एडब्ल्यूपीएंडबी) में प्राप्त प्रस्तावों, परियोजना अनुमोदन बोर्ड (पीएबी) द्वारा मूल्यांकन, कार्यक्रम मानदंडों और निधियों की उपलब्धता के आधार पर वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। अनुमोदित मध्यवर्तनों का उद्देश्य एनईपी 2020 के तहत परिकल्पित समता और समावेशन के सिद्धांतों के अनुसार अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों सहित सभी पात्र बच्चों को लाभान्वित करना है।

वर्ष 2019-20 से 2025-26 तक समग्र शिक्षा के तहत आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा निर्धारित, जारी और उपयोग की गई निधियों का वर्ष-वार ब्यौरा **अनुलग्नक-।।** में दिया गया है।

(घ): केंद्र सरकार ने कार्यान्वयन, समता और शैक्षिक परिणामों की निगरानी हेतु समग्र शिक्षा के तहत एक व्यापक निगरानी और समीक्षा फ्रेमवर्क स्थापित किया है। प्रमुख तंत्रों में निम्नलिखित शामिल हैं:

- **यूडाइज+**, जो नामांकन, अवसंरचना, शिक्षकों, पहुंच, समता, प्रतिधारण, ट्रांजीशन, जेंडर और सामाजिक श्रेणी-वार डेटा संबंधी स्कूल-स्तरीय जानकारी प्रदान करता है।
- **प्रबंध पोर्टल,** जो समग्र शिक्षा के तहत ऑनलाइन योजना, मूल्यांकन, अनुमोदन, वित्तीय निगरानी और वास्तविक प्रगति की सुविधा प्रदान करता है।
- राज्य प्रस्तावों और कार्यान्वयन की वार्षिक समीक्षा के लिए **परियोजना अनुमोदन बोर्ड (पीएबी)** की बैठकें।
- केंद्र और राज्य अधिकारियों द्वारा समय-समय पर समीक्षा बैठकें, क्षेत्र का दौरा और निगरानी।
- अधिगम परिणामों के आकलन हेतु **परख/राष्ट्रीय मूल्यांकन केंद्र** द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर बड़े पैमाने पर मूल्यांकन आयोजित किए जाते हैं।
- पहुंच, समता, प्रतिधारण, ट्रांजीशन, जेंडर और सामाजिक समावेशन से संबंधित प्रमुख प्रदर्शन संकेतकों (केपीआई) की निगरानी।
- विद्या समीक्षा केंद्र (वीएसके), अधिगम परिणामों और योजना मध्यवर्तनों की केंद्रीकृत, वास्तविक समय की निगरानी प्रदान करता है।

इसके अतिरिक्त, जैसा कि राज्य सरकार ने सूचित किया है ,आंध्र प्रदेश राज्य सरकार ने लीप ऐप तैयार किया है, जो छात्र प्रोफाइल, उपस्थिति, मूल्यांकन, पात्रता और अवसंरचनात्मक स्थिति को कवर करने वाला एक समेकित प्लेटफॉर्म है। इसके अतिरिक्त, राज्य विशेष रूप से अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों के संबंध में समय के साथ उनके शैक्षणिक प्रदर्शन और परिणामों की निगरानी हेतु अलग डैशबोर्ड और विश्लेषण रखता है, जिससे लक्षित अनुवर्ती और सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

ये तंत्र अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों सहित विभिन्न सामाजिक समूहों में शैक्षिक प्रगति की निरंतर निगरानी को सक्षम बनाते हैं।

*****

अनुलग्नक-I

माननीय संसद सदस्य श्री डग्गुमल्ला प्रसादा राव द्वारा 'समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत अनुसूचित जाति के लाभार्थी' के संबंध में दिनांक 20.07.2026 को पूछा गया लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 182 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

आंध्र प्रदेश के सरकारी स्कूलों में वर्ष-वार और जिला-वार कुल नामांकन तथा एससी नामांकन (वर्ष 2019-20 से 2021-22)

जिला	2019-20		2020-21		2021-22	
	कुल नामांकन	एससी नामांकन	कुल नामांकन	एससी नामांकन	कुल नामांकन	एससी नामांकन
अनंतपुर	382099	87076	429713	92592	430366	92468
चित्तूर	363336	100283	399816	105271	403798	105804
पूर्वी गोदावरी	418204	110790	483092	122256	498386	126367
गुंटूर	328575	111615	392804	123311	394857	124917
कादापा	234226	67662	267369	72188	273956	73357
कृष्णा	245267	83701	298307	95432	313797	101066
कुरनूल	426903	112248	468184	119196	482105	123464
नेल्लोर	237606	81002	275234	88203	276524	89383
प्रकाशम	293642	110742	337961	120166	335862	119512
श्रीकाकुलम	272878	30375	303414	32963	302795	32773
विशाखापत्तनम	333147	32052	391853	37057	396213	36773
विजयनगरम	219395	27772	246149	30690	245851	31556
पश्चिम गोदावरी	287257	95272	333312	106395	341697	109433
राज्य कुल	4042535	1050590	4627208	1145720	4696207	1166873

(स्रोतः यूडाइज+)

आंध्र प्रदेश के सरकारी स्कूलों में वर्ष-वार और जिला-वार कुल नामांकन तथा एससी नामांकन (वर्ष 2022-23 से 2025-26)

	2022-23		2023-24		2024-25		2025-26	
जिला	कुल नामांकन	एससी नामांकन	कुल नामांकन	एससी नामांकन	कुल नामांकन	एससी नामांकन	कुल नामांकन	एससी नामांकन
अनकापल्ली	145426	18540	129497	17366	114332	15945	107166	15293
अनंतपुर	233584	55439	225369	55135	210844	53153	206635	52802
अन्नामाया	171051	37069	161993	36871	146444	34668	140295	33700
एएसआर	172490	3390	178317	2999	174294	2709	178737	2612
बापटला	111173	39311	102445	37321	88393	33012	83071	30877
चित्तूर	180787	49736	173480	49382	158164	45819	150802	43932
पूर्वी गोदावरी	132573	44847	124082	43338	105471	38236	98016	36593
एलुरु	163024	55913	151705	53776	131334	47932	121777	44732
गुंटूर	109472	39406	100626	37109	88317	33435	84150	31999
कादापा	159805	49271	151067	48729	137811	46460	131206	45673
काकिनाडा	175041	44116	159320	42065	141724	39096	132760	37661
कोनासीमा	126153	46373	112704	43250	101048	40156	93154	37660
कृष्णा	110951	37723	105630	36482	93144	32920	86840	30941
कुरनूल	302067	72157	308304	74243	272268	66415	274387	67115
मनमम	107320	13047	105323	12715	99014	11919	97165	11575
नंद्याल	167162	49300	169123	50841	150064	46429	145552	45555
नेल्लोर	201845	64634	196920	64097	173453	58657	169360	56899
एनटीआर	118870	41860	107959	39204	96682	35756	90098	33417
पलनाडु	183851	59275	168094	56978	148017	51980	142653	50661
प्रकाशम	219108	83784	208210	81910	185972	75553	178892	73915
श्री सत्यसाई	172311	36221	161611	35674	151103	34773	145712	34471
श्रीकाकुलम	222080	23481	209904	22967	190354	21581	179339	21091
तिरुपति	178265	65496	172760	64156	156300	59369	149109	56395
विशाखापत्तनम	104884	15576	101350	15336	91835	14021	86738	13461
विजयनगरम	166201	24123	152035	23096	136423	21510	127892	20705
पश्चिम गोदावरी	120519	35058	112288	33979	100278	31816	91944	29519
कुल	4256013	1105146	4050116	1079019	3643083	993320	3493450	959254

(स्रोत: यूडाइज+)

अनुलग्नक-II

माननीय संसद सदस्य श्री डग्गुमल्ला प्रसादा राव द्वारा 'समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत अनुसूचित जाति के लाभार्थी' के संबंध में दिनांक 20.07.2026 को पूछा गया लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 182 के भाग (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

आंध्र प्रदेश राज्य में समग्र शिक्षा के अनुसूचित जाति (एससी) घटक के तहत निर्धारित, जारी और उपयोग की गई निधियों का वर्ष-वार ब्यौरा

क्र. सं.	वर्ष	बीई	जारी	व्यय
1	2019-20	42874.25	22368.30	22368.30
2	2020-21	41561.58	33028.15	33028.15
3	2021-22	54048.16	21103.50	21103.50
4	2022-23	68899.10	52759.38	52759.38
5	2023-24	72692.58	57240.43	57240.43
6	2024-25	93065.40	45015.12	45015.12
7	2025-26	78379.38	61085.12	61085.12

(स्रोतः आंध्र प्रदेश राज्य सरकार)